भा.कृ.अनु.सं., नई दिल्ली में राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह का आयोजन किया

दिनांक 24 जनवरी, 2023 को स्नातकोत्तर विद्यालय, भा.कृ.अनु.प.-भा.कृ.अनु.सं., नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस वर्चुअल मोड में मनाया गया। पूसा इंस्टीट्यूट लेडीज एसोसिएशन (पिला) और नेहरू एक्सपेरिमेंटल सेंटर की अध्यक्ष डॉ. रेणु सिंह सम्मानित अतिथि थीं और डॉ अनुपमा सिंह, अधिष्ठाता एवं संयुक्त निदेशक (शिक्षा) आज के कार्यक्रम की अध्यक्ष थीं। डॉ. अतुल कुमार, सह-अधिष्ठाता, भा.कृ.अनु.सं. ने आज के कार्यक्रम की वक्ता डॉ. सुजाता शर्मा, प्रोफेसर, जैवभौतिकी विभाग, एम्स, नई दिल्ली का स्वागत किया। डॉ. अनुपमा सिंह ने राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह के दौरान तीन अभियानों नामतः अपनी बेटियों के साथ पिता की सेल्फी, पूसा स्कूल के छात्रों के लिए जागरूकता कार्यक्रम और जीविका विकल्प के रूप में कृषि उच्च शिक्षा पर एक संक्षिप्त प्रस्तुति दी। उन्होंने आज के कार्यक्रम के वक्ता का परिचय भी कराया। डॉ. सुजाता शर्मा ने **"प्रसन्नचित्त और स्वस्थ बालिका - प्रगतिशील परिवार और देश का प्रतीक"** विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बिना किसी लैंगिक पूर्वाग्रह के बालिकाओं के लिए बेहतर वातावरण में विकास के अवसरों पर जोर दिया तथा बिना किसी प्रतिबंध के बालिकाओं को शिक्षित करने को कहा। साथ ही उन्होंने बालिकाओं के स्वस्थ आहार और स्वच्छता पर भी ध्यान केंद्रित किया जो अतीत में एक प्रमुख समस्या थी। उनका प्रमुख ध्यान शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ बालिकाओं की मनोवृत्ति के मुद्दे को संबोधित करने पर भी था। उन्होंने आधुनिक समाज में विभिन्न प्रमुख पदों पर महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व और उसके कारणों पर भी विशेष बल दिया। वर्तमान में भारत में 42% महिलाएं प्रत्येक

वर्ष स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण करती हैं, जो हमारे देश में लैंगिक समानता का अच्छा प्रतीक है। डॉ. सुजाता शर्मा ने महिला सशक्तिकरण पर अपनी मां द्वारा लिखी गई कुछ पुस्तकों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया। पूसा इंस्टीट्यूट लेडीज एसोसिएशन (पिला) और नेहरू एक्सपेरिमेंटल सेंटर की अध्यक्ष डॉ. रेणु सिंह ने इस बात पर प्रकाश डाला कि लाभप्रद चर्चा के लिए हमारी बालिकाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र होना होगा। डॉ. अनुपमा सिंह, अधिष्ठाता एवं संयुक्त निदेशक (शिक्षा), भा.कृ.अनु.सं., नई दिल्ली ने इस अवसर पर अत्यंत महत्वपूर्ण व्याख्यान देने के लिए डॉ सुजाता शर्मा को धन्यवाद दिया। अंत में कृषि प्रसार संभाग के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. आर. आर. बर्मन ने औपचारिक रूप से सभी संबंधितों एवं कार्यक्रम में उपस्थित जनों का धन्यवाद दिया।

Celebrations of National Girl Child Day at IARI, New Delhi

National Girl Child Day was celebrated on 24^{th} January, 2023 in virtual mode by Post Graduate School, ICAR-IARI, New Delhi. Dr. Renu Singh, President, Pusa Institute Ladies Association (PILA) & Nehru Experimental Centre was the guest of Honour and Dr. Anupama Singh, Dean & Joint Director (Edu.) was the Chairperson of the today's programme. Dr. Atul Kumar, Associate Dean, IARI welcomed the speaker of the day, Dr. Sujata Sharma, Professor, Department of Biophysics, AIIMS, New Delhi. Dr. Anupama Singh made a brief presentation on three campaigns during National Girl Child Day celebrations viz. Selfie of Father's with their daughters, Awareness programme for Pusa School students and Careen option of Agriculture Higher Education. She also introduced the speaker of today's programme. Dr. Sujata Sharma delivered a talk on ***"Happy and Healthy Girl Child- Symbol of Progressive Family and Country***". She emphasized on opportunities to grow in better environment for girl child without any gender bias and no restriction

on girl child education. She also focused on healthier diet and sanitation which was the major problem in the past. Her major focus was also on addressing the issue of physical and mental health as well as psychology of the girl child. She nicely emphasized on under presentation of women and its causes in the modern society. Presently 42% women's in India graduates every year, which is the good symbol of gender equity in our country. Dr. Sujata Sharma also focused on some books written by her mother on women empowerment. Dr Renu Singh, President, Pusa Institute Ladies Association (PILA) & Nehru Experimental Centre in her remarks highlighted that our girl child must be economically independent for a healthier discussion. Dr Anupama Singh, Dean & Joint Director (Edu.), IARI, New Delhi thanked Dr Sujata Sharma for delivering the very important lecture on this occasion. Dr. R. R. Burman, Principal Scientist, Division of Agricultural Extension, proposed formal vote of thanks.